तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

14 महार समाज ने शिक्षा व एकता पर दिया जोर



13 समाज के नियमों का पालन करते हुए लोगों ...





## खबर संक्षेप

### खेत में लगाई आग से 22 एकड़ का पैरावट जलकर हुआ खाक



**गुण्डरदेही।** मंगलवार दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक मौसम के करवट बदलने से आए तूफान में खेत की सफाई में लगाई गई आग से ग्राम परसदा (मोखा) के तीन किसानों के 22 एकड़ का पैरावट जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार खेत के मेढ़ पर सूखे पेड़ की जड़ को नष्ट करने के लिए किसान द्वारा आग लगाई गई थी। आंधी आने के कारण आग की लपटें गाँव के पास रखे पैरावट में जा पहुंची। इससे किसान धनराज साहू के 10 एकड़, धनेश साहू के 7 एकड़ और सोनसाय साहू के 5 एकड़ के पैरा में आग लग गई। आनन-फानन बालोद से फायर बिग्रेड की गाड़ी बुलाई गई। लेकिन, आग इतनी फैल चुकी थी कि उस पर तत्काल काबू नहीं पाया जा सका। देर रात तक आग बुझाने का कार्य जारी रहा। इस आगजनी से तीनों किसानों को 1 लाख से भी ज्यादा के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित किसानों ने बताया कि इसकी जानकारी तुरंत गुण्डरदेही तहसीलदार को देकर मुआवजे की मांग की गई है।

### पंचायत सचिवों की हड़ताल को ग्राम रोजगार सहायक संघ ने दिया समर्थन

**डौंडीलोहारा।** पंचायत सचिवों की हड़ताल को 30 दिन पूरे हो गए हैं। इसके कारण ग्राम पंचायतों में जन्म से लेकर मृत्यु तक की समस्त योजनाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। उधर, पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने से अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन द्वारा सचिवीय दायित्व सौंपा जा रहा है। लेकिन, सचिवों के शासकीयकरण की मांग को जायज बताते हुए ब्लॉक इकाई ग्राम रोज़गार सहायक संघ ने उन्हें अपना समर्थन दिया। वे उनकी मांग के समर्थन में धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और सरकार से उनकी मांग पूरा करने का आग्रह किया। रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र हिरवानी ने कहा कि पंचायत सचिवों की मांग जायज है अतः शीघ्र ही उसे पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें सचिवों के दायित्व से मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि हमें सचिवों का दायित्व सौंपा जाता है, तो हम पंचायत सचिव का कार्य का नहीं करेंगे, साथ ही उनकी हड़ताल का समर्थन करने रोजगार सहायक संघ भी हड़ताल पर उतर जाएगा। बता दें कि क्रमिक भूख हड़ताल के पांचवे दिन में द्वारिका चौधरी, सेवाराम गोर्रा, टूमन लाल, नीलकंठ भंडारी और बलराम ठाकुर सहित 120 ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

# तालाबों को भरने बांधों से छोड़ा पानी, खाली खेतों में बहकर हो रहा बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में एक ओर जहां कई ग्रामों में लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जल संरक्षण का पाठ पढ़ाने वाला प्रशासन स्वयं पानी की बचत करने में नाकाम साबित हो रहा है। जिले के तालाबों को भरने के लिए छोड़ा गया पानी व्यर्थ ही खाली खेतों में जाकर बर्बाद हो रहा है। तांदुला जलाशय से जिले के तालाबों के लिए छोड़ा गया जल नहरों के माध्यम से तालाबों में पहुंच रहा है लेकिन नहरों में निर्मित कुलापा के मुहानों की सही देख रेख व पानी की सही निगरानी नहीं होने के कारण पानी व्यर्थ ही कई खेतों में बहते दिख रहा है।

## नहरों की देखभाल नहीं होने के कारण व्यर्थ बह रहा पानी

### पानी की कमी से हो रही परेशानी

तांदुला जलाशय में संग्रहित जल को इन दिनों सिंचाई विभाग द्वारा जिले के तालाबों में जल भरने के नाम पर छोड़ा तो जा रहा है जो जिले के ग्रामों में स्थित तालाबों में कम और खाली खेतों में व्यर्थ ही बहता दिख रहा है। इससे विभाग एवं संबंधित पंचायत के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। जिले के शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पानी की विकट समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जहां दैनिक दिनचर्या में सबसे प्रमुख पानी की दिक्कतों के कारण लोगों के अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को पीने के पानी के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### जल बचाने पहल नहीं

वहीं, जिलेवासियों को पीने के पानी के साथ जिले के किसानों को कृषि कार्य के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर जलस्तर गिरने के कारण फसल खराब होने की चिंता किसानों को सता रही है, लेकिन इन सब दिक्कतों के बाद भी विभाग द्वारा जल को बचाने के लिए कोई विशेष पहल नहीं की जा रही है।

### ग्राम बघमरा में ऐसा नजारा

ऐसा ही एक नजारा जिला मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर ग्राम बघमरा में देखने को मिला, जहां तालाबों के लिए छोड़ा गया पानी नहरों के माध्यम से खाली खेतों में जाकर बर्बाद हो रहा है। इसके साथ ही खेतों में पानी भर जाने से वहां रखे सामान के साथ पशुओं के लिए रखा पैरा पानी में भिगकर सड़ने लगा है। इस पैरा को किसानों द्वारा बीच खतों में रखा गया है, ताकि आगे वे इन्हें पशुओं को खिला सकें। लेकिन, खेतों में पहुंच रहे पानी की वजह से पैरा सड़ रहा है। वहीं, खेतों में पानी पहुंचने के बाद खेतों में पानी जाम हो रहा है, ऐसे में खेतों से लगे घरों में सीलन की समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। ऐसे में घरों में रखे सामान के खराब होने की भी संभावना बनी रहती है।

## मौसम : आंधी-बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, बढ़ी लोगों की परेशानी

# कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित, टिन शेड उड़े, बिजली की आंख मिचौनी ने किया परेशान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मंगलवार दोपहर दल्लीराजहरा शहर अचानक बदले मौसम के मिजाज का शिकार हो गया। तेज हवा, आंधी और मूसलाधार बारिश ने दल्लीराजहरा शहर की गतिविधियों पर विराम लगा दिया। करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश के साथ आई तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया।

दल्लीराजहरा शहर के कई इलाकों में पेड़ सड़कों के बीचों-बीच गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। कई दुकानों के सामने लगे टीन के छज्जे और शेड उड़ गए, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। शुरुआती आंकलन के अनुसार लाखों रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुँचा है। बारिश इतनी तेज थी कि लोग अचानक फंस गए और सुरक्षित स्थानों की तलाश में भागते दिखे। कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दल्लीराजहरा प्रशासन द्वारा अब तक राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने और नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

## मौसम परिवर्तन के बाद अंचल में घंटेभर हुई झमाझम बारिश





### मौसम में परिवर्तन होने पर तेज धूप व गर्मी से मिली राहत

वहीं, अचानक हुए मौसम परिवर्तन से जहां लोगों को गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई परेशानियां भी सामने आईं। विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और कई क्षेत्रों में बिजली घंटों तक गुल रही। बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान नजर आए।

## गर्मी से मिली राहत, किसानों के लिए आफत

**बालोद।** जिला मुख्यालय में मंगलवार को दोपहर मौसम में तेजी से बदलाव हुआ और आसमान में काले बादल के साथ आंधी का सामना जिलेवासियों को करना पड़ा। जिला मुख्यालय में जहां कम असर दिखा, वहीं गुरूर एवं गुण्डरदेही ब्लाक में इसका व्यापक असर दिखा।

लगातार करवट लेते मौसम के बीच सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव फसलों पर देखने को मिल रहा है। गर्मी के मौसम में आम के पेड़ों में फल लगना आरंभ हो गया है, ऐसे में लगातार आंधी व मौसम की करवट से छोटे-छोटे फल गिर रहे हैं। ऐसे में आगे अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आम के फल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो सकती है। वहीं, ऐसी ही दोहरी स्थिति का





सामना धान के किसानों को करना पड़ रहा है, जहां एक ओर कई जल्द पकने वाले धान के फसल में अब बालियां आने लगी हैं, जिसके तेज हवा के कारण गिरने की आशंका है। वहीं, वर्तमान में धान को पकने के लिए पानी की आवश्यकता है और पर्याप्त पानी नहीं मिलने की स्थिति में धान के सही नहीं पकने का डर किसानों में बना हुआ है।

वहीं, इन सबके बीच आम आदमी को बदलते मौसम में गर्मी से राहत दिख रही है जहां आसमान में काले बादल व ठंडी ठंडी हवाओं के बीच लोगों को गर्मी से राहत तो मिल ही रही है, साथ ही मौसम सुहावना लग रहा है, लेकिन लगातार बदलते मौसम से मौसमी बीमारी के बढ़ने की आशंका है।



# सिंगोली में 3 जैन संतों पर हमले को लेकर जिले में भी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मध्य प्रदेश के सिंगोली में 3 जैन संतों पर हमले की घटना से जिले में भी आक्रोश है। घटना में तीनों संत गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले को लेकर जैन समाज सहित अन्य समाज प्रमुखों ने भी आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की निंदा की है। बालोद सकल जैन समाज ने भी हमले की कड़ी निंदा की है। समाज की ओर से राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। मौके पर बालोद नगर पालिका के जल कार्य विभाग सभापति दीपक लोढा, लकी लोढा, शुभम नाहटा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कड़ी सजा दी जाए।

### सिंगोली से नीमच जाने के दौरान कछला में विश्राम के समय की गई मारपीट

बालोद जैनश्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि जैन संत शैलेष मुनि जी, बलभद्र मुनि जी और मुनींद्र मुनि जी विहार पर हैं। वे सिंगोली से नीमच जा रहे थे। कछला गांव के पास हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। तभी कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने संतों पर अमानवीय और जानलेवा हमला कर दिया, जिससे संतों को गंभीर चोटें आई हैं। जिला के सामाजिकगण इस घटना की घोर निंदा करते हैं एवं शासन से मांग करते हैं कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, जिससे कानून का राज स्थापित हो एवं असामाजिक तत्वों में भय का महौल हो।



## महिला व बाल विकास मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित अवधि में पूरा करें : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए बालोद जिले में निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे कि सभी जरूरतमंद लोगों के शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

मंत्री राजवाड़े ने मंगलवार को सर्किट हाउस बालोद में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। राजवाड़े ने जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों तथा सभी सेक्टर सुपरवाईजरों को नियमित





रूप से फील्ड विजिट कर विभागीय कार्यों का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक जनमेजय महोबे, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, समाज कल्याण विभाग के संचालक रोक्तिमा यादव तथा नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में मंत्री राजवाड़े ने जिले में विभागीय कार्यों की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन शासकीय अभिलेखों के अलावा धरातल पर भी परिलक्षित होनी चाहिए। श्रीमती राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के अलावा बच्चों के दर्ज संख्या एवं उनकी उपस्थिति के आंकलन के संबंध में प्रारंभ किए गए पोषण ट्रेकर एप्प में ऑनलाईन एंट्री का कार्य शत प्रतिशत सही करने के भी निर्देश दिए। राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को निर्धारित समय में समुचित मात्रा में नाश्ता एवं भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को कुपोषण की रोकथाम हेतु भी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। राजवाड़े ने कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री राजवाड़े ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित वृद्धाश्रम, प्रशामक गृह, घरौंदा, नशामुक्ति केन्द्र आदि की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत सभी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ की बैठक में मानदेय को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मंगलवार को ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ की बैठक जनपद पंचायत गुण्डरदेही में आहूत की गई थी। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुण्डरदेही, अतिरिक्त तहसीलदार, शिक्षा विभाग से बीइओ, एबीईओ के साथ सहायक अतिरिक्त करारोपण अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में अधिकारियों को ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की स्थिति एवं मानदेय के संबंध में बताया गया की ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की मानदेय न्यूनतम है और इस न्यूनतम 25 सौ रुपए मानदेय में ही हमें जनपद एवं जिला पंचायत में कार्य करने जाना होता है। इसके अलावा तहसील स्तर व जनपद स्तर पर अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन किसी प्रकार का मानदेय या भत्ता नहीं दिया जाता है साथ ही मानदेय 4–6 माह में दिया जाता है।

उक्त ज्ञापन की सूचना छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, प्रदेश सचिव दीपक ठाकुर एवं सह सचिव सुरेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव चिमन साहू, सहायक सचिव ताम्रध्वज निर्मल एवं 117 ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की उपस्थिति में सौंपा गया।

# पंचायतों में खुलेंगे डिजिटल सेवा केंद्र, बैंकिग से लेकर सभी काम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया।

प्रत्येक जनपद से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत कार्यालयों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहाँ ग्रामीणों को बैंकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र (जाति, आय, निवास), पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम पंजीयन जैसी सेवाएँ निःशुल्क या निर्धारित दर पर मिल सकेंगी। पंचायतों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के लिए उचित बैठक की समुचित व्यवस्था, बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। साथ ही ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अतिरिक्त शुल्क वसूली पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिले में हुआ डिजिटल क्रांति का आगाज़

### पंचायत एंबेसडर को किया सम्मानित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कार्यरत पंचायत एंबेसडरों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही जिन पंचायतों में एंबेसडर नियुक्त नहीं थे, वहाँ गोलू चंद्राकर (पाटन मंडल) एवं शिवा निषाद (अंजोरा मंडल) को नया पंचायत एंबेसडर (आवास साथी) नियुक्त किया गया। अभियान का दूसरा चरण 20 से 28 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी व सर्वेक्षक द्वारा घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात 29 व 30 अप्रैल को सर्वेक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।




### पीएम आवास में छूटे हितग्राहियों का जुड़ेगा नाम

आगामी 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले "मोर द्वार साय सरकार" विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना के हितग्राहियों को प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही भू-जल स्तर को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और वाटर हार्वेस्टिंग हेतु संकल्प भी दिलाया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत "आवास प्लस 2.0" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक 'मोर दुआर-साय सरकार' महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देना है।

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

दुर्ग। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल लगातार शहर के वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 26 एवं 27 में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। शहर को स्वच्छ बनाने उन्होंने नागरिकों से फीडबैक और उनसे सुझाव भी मांगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए और वे सभी मिलकर एक स्वच्छ शहर बना सकते हैं। आयुक्त ने सड़कों एवं नालियों की सफाई का जायजा लेते हुए गलियों की टूटी-फूटी नालियों के मरम्मत के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, हरिशंकर साहू, परमेश्वर, शशि यादव, ईश्वर साहू, गौतम, विनीत वर्मा, राजू सिंह आदि मौजूद रहें।

### हिंदू युवा मंच ने किया रैली का स्वागत

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा युवा सेवा संघ द्वारा उजाला भवन के पास हिन्दू युवा मंच की रैली का स्वागत किया। शर्बत छाछ और चने प्रसादी का वितरण भी किया। सदगुरू संत आशाराम बापू की अवतरण दिवस की बधाई भी दिए। साधकों द्वारा विश्व सेवा सप्ताह दिवस के रूप में जगह जगह भंडारा सेवा की जा रही है। सभी साधकों ने हिन्दू युवा मंच की रैली की झांकी का लाभ लिए।



### शिकायतें सुनने टोल फ्री नंबर फिर से शुरु

दुर्ग। कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में संचालित सारथी कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 1800 233 0788 चालू कर दिया गया है। इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से नागरिक कार्यालयीन समय में बिना किसी शुल्क के अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

## विडंबना : धान उठाने में दिखा रहे चुस्ती, लेकिन चावल देने में खराब रिपोर्ट

# मिलिंग कराने के बजाय संग्रहण केन्द्रों में 18 सौ करोड़ का धान डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले साल सोसायटी से सीधे मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए धान जारी किया गया था। लेकिन इस बार सोसायटी से संग्रहण केन्द्र में करीब 18 सौ करोड रूपए का धान डंप कर बडे घोटाले को अंजाम देने की तैयारी है। ऐसी उम्मीद थी कि सोसायटी से धान उठने के बाद सूखत की रिपोर्ट सामने नही आएगी। लेकिन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के साठ लाख क्विंटल धान संग्रहण केन्द्र में डंप कर रखा गया हैं।

उपार्जन केन्द्रो से उठाए गए धान को संग्रहण केन्द्र में डंप कर सूखत के आंकडे पेश किए जाने की तैयारी हैं। यही नहीं इधर सोसायटियों में भी करीब 29 करोड के धान का अब तक उठाव नही होने से शासन को बडी राशि का नुकसान होगा। इधर कस्टम मिलिंग की भी पूरी तरह से धज्जियां उडाई जा रही हैं। दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले में भले ही राईस मिलरों से कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट कर लिया गया है। लेकिन मिलरों को धान उठाने डीओ भी जारी नही किया जा रहा हैं। जिसके चलते संग्रहण केन्द्रों में डंप किया गया धान भगवान भरोसे है। बहरहाल मौसम खराब होने के कारण करोडों रूपए के धान के भीगने का भी खतरा बना हुआ हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 65 हजार क्विंटल धान डंप है, वहीं बेमेतरा में 28 लाख 3320 क्विंटल धान डंप है। वही बात करे बालोद में 26 लाख 22 हजार क्विंटल धान डंप किया गया है। इस तरह तीनों जिले में 60 लाख क्विंटल धान जाम है। जिसकी कीमत 1800 करोड रूपए से अधिक हैं।

### उपार्जन के बाद संग्रहण केंद्र में सूखेगा धान, करोड़ों के नुकसान की आशंका

**खास बातें**

- 18 सौ करोड़ के धान डंप
- कस्टम मिलिंग की चरमराई व्यवस्था
- नीलामी का हवाला, कोई दिशा निर्देश जारी नहीं
- पिछले साल बेहतर थी व्यवस्था


फाईल फोटो

### संग्रहण केन्द्रों में होंगे लाखों खर्च

पिछले दो साल से देखे तो संग्रहण केन्द्र बंद कर दिया गया था। सोसायटी (उपार्जन) से धान खरीदी के बाद मिलरों को सीधे डीओ जारी किया जा रहा था। जिसके चलते राज्य शासन को ट्रांसपोर्टिंग में होने वाला खर्च बच रहा था। लेकिन इस बार धान सोसायटी से फिर संग्रहण केन्द्र में डंप किए जा रहे हैं। तीनों जिले के दर्जनभर संग्रहण केन्द्रों में धान रखे गए है। यहां तीन दर्जन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे हर माह लाखों रूपए खर्च हो रहे हैं।

### दुर्ग में 53 लाख के जगह 14 लाख ही चावल

मार्कफेड द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों से एग्रीमेंट किया गया हैं। लेकिन एग्रीमेंट के अनुसार डीओ जारी नही किया जा रहा हैं। दुर्ग जिले में 154 राईस मिलर पंजीकृत हैं, यहां के मिलर दुर्ग और अन्य जिलों से कस्टम मिलिंग के लिए 133 लाख 67 हजार क्विंटल के धान का एग्रीमेंट कर चुके है। लेकिन उठाव के लिए मार्कफेड द्वारा सिर्फ 81 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया गया है। जिसमें 79 लाख क्विंटल धान का उठाव हो गया है। उठाव के मुताबिक प्रति क्विंटल 67 किलो चावल जमा करना है। मिलरों को 53 लाख क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन अब तक सिर्फ 14 लाख 28 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। यानि आधे से भी कम चावल हैं।

### बेमेतरा में 21 की जगह पांच लाख

दुर्ग के आलावा बेमेतरा जिले से कस्टम मिलिंग के लिए 94 लाख 67 हजार क्विंटल का एग्रीमेंट किया गया है। लेकिन डीओ सिर्फ 32 लाख 56 हजार क्विंटल का जारी किया गया हैं। इसमें मिलरों ने 32 लाख 56 हजार का उठाव कर लिया हैं। उठाव के अनुसार मिलरों को 21 लाख 82 हजार क्विंटल चावल जमा करना था, लेकिन सिर्फ 5 लाख क्विंटल का चावल जमा किया गया हैं।

### बालोद में भी मिलिंग का बुरा हाल

बालोद जिले में 112 लाख 61 हजार क्विंटल कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट किया गया है। मार्कफेड ने सिर्फ 44 लाख 67 हजार क्विटल का डीओ जारी किया है। जिसमें उठाव 44 लाख 24 हजार क्विंटल का उठाव किया हैं। उठाव के लिए अनुसार मिलरों को 29 लाख 64 हजार क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन प्रशासन की हिलढुल रवैय्ये के कारण सिर्फ 7 लाख 86 हजार क्विंटल चावल जमा किया गया हैं।

### हडताल चल रहा

एफसीआई में जगह नही हैं, जिससे चावल जमा नही रहा है। नान में लगभग 70 फीसदी चावल जमा हो चुका है। वहीं एफसीआई के कर्मचारियों के हडताल पर होने से व्यवस्था बाधित हुई है। - **विनित जैन,** अध्यक्ष, जिला राईस मिल

### नीलामी होगी

संग्रहण केन्द्र में रखे गए धान की नीलामी की जाएगी। प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्र में रखे धान की नीलामी के लिए टेंडर भी जारी हो गया हैं। **-रमेश शर्मा,** एमडी मार्कफेड

# स्पैरो ने किया साठ लाख का घपला, निगम मांग रहा रसीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में टैक्स वसूली के नाम पर साठ लाख रूपए की गडबडी किए जाने के मामले में अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है। निगम प्रशासन ने अपने रिकार्ड में कंपनी द्वारा साठ लाख रूपए की गडबडी किए जाने का उल्लेख किया है। इस मामले मामले में कार्यवाही के बजाय एक बार फिर करदाताओं से रसीद की मांग की जा रही हैं।

- फिर से शिविर लगाने की तैयारी, 15 से 21 अप्रैल

जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया जाएगा। कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, उक्त शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद तथा अन्य सभी प्रकार के शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इस तरह के किसी भी शिकायत की स्थिति में करदाता संबंधित दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित शिकायतों का निराकरण करा सकेंगे।




### एफआईआर का सिर्फ हल्ला

विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में भाजपा के सत्ताधारी सदस्यों ने स्पैरों कंपनी द्वारा किए गए गडबडी को लेकर सार्वजनिक तौर पर एफआईआर किए जाने का प्रस्ताव पास किया था। लेकिन निगम प्रशासन ने अब तक कोई ऐसा कदम नही उठाया है। बल्कि दूसरी बार शिविर लगाकर करदाताओं से रसीद मांगी जा रही है। जबकि नगरनिगम द्वारा किए गए जांच में कंपनी द्वारा आर्थिक अनियमितता किए जाने की पुष्टि हो चुकी हैं।

## जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

दुर्ग। भारतीय समाज के सुधारक संविधान निर्माता और लेखक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, अरविंदर खुराना, कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रवक्ता दिनेश देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंत्री दीपक चोपड़ा, सहकार्यालय मंत्री अनूप सोनी, रजनीश श्रीवास्तव, गायत्री वर्मा, रितेश शर्मा, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा, महेंद्र लोढा, कौशल साहू सहित अन्य थे।

# रायपुर से बुलाना पड़ा टेक्निकल एक्सपर्ट, तब सुधरा फिल्टर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्थित विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई बड़ी खराबी के चलते बघेरा पोटिया, बोरसी सहित शहर के 8 बड़ी टंकियों में पानी नहीं भर पाने के कारण रविवार सुबह व सोमवार सुबह पानी सप्लाई प्रभावित हुई। दुर्ग में टैक्निशियन नही होने के कारण रायपुर से तकनीकि जानकर को बुलाया गया। इस बीच चौबीस घंटे से अधिक समय तक पेयजल सप्लाई शहर में पूरी तरह से बाधित रही।

- विधायक और महापौर ने किया प्लांट का निरिक्षण

जिसे जल गृह विभाग के तकनीकी कर्मियों द्वारा विद्युत मंडल के सहयोग से 18 घण्टे की मशक्कत के बाद सुधार कर लिया हैं। इस दौरान जानकारी मिलने पर चल रहे रिपेयर कार्य का निरीक्षण करने आधी रात को महापौर अलका बाघमार जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य एमआईसी सदस्य भी फिल्टर प्लांट पहुंचे वहीं सुबह विधायक गजेंद्र यादव भी पहुंचे थे। जिसे मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने सुधारने का प्रयास किया। अंत में रायपुर से विद्युत संबंधी तकनीकी जानकर को बुलाकर सोमवार सुबह 9 बजे फिल्टर प्लांट में शट डाउन कर सब स्टेशन में सुधार कार्य पूर्ण किया गया।



# केंवट निषाद समाज के वार्षिक सम्मेलन में 4 जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय केंवट निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन ग्राम मड़ियापार बोरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव राम भक्त नात्था केवट, महाराज गुहा निषाद राज, श्रीरामचंद्र के छायाचित्र की पूजा-अर्चना माल्यार्पण से हुई। पश्चात वार्षिक सम्मेलन में धूमधाम से 4 जोड़ों का आदर्श विवाह कराया गया। उपरांत समाज द्वारा शिक्षा साहित्य खेलकूद कला संगीत प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक सम्मेलन में हजारों की जनसंख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह माझी, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नेहरू निषाद, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कोमल निषाद प्रदीप केवट शामिल हुए। डॉ घनश्याम निषाद, मंच संचालन बी आर निषाद एवं संतोष जलतारे ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन बिरेन्द्र निषाद ने किया। इस दौरान खिलावन केवट ओम प्रकाश निषाद संतोषी निषाद, थानेश्वर निषाद, शिव कुमार निषाद, अशोक निषाद, राजकुमार निषाद, रामसुख सरपे, रामचंद्र निषाद, विष्णु निषाद, छिन्छा राम निषाद, चोवा राम निषाद आदि मौजूद थे।

- विभिन्न क्षेत्र के प्रतिभाओं का भी किया सम्मान



## पेज 11 का शेष

### शासकीय योजनाओं का ...

वृद्धजनों को समय पर समुचित मात्रा में नाश्ता, भोजन आदि अन्य आवश्यक चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इन स्थानों पर निवासरत लोगों की इलाज की भी समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। मंत्री राजवाड़े ने व्यवस्था के सुधार के संबंध में सख्त चेतावनी देते हुए विभागीय व्यवस्था में शीघ्र सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों का अवलोकन करने हेतु वे पुनः बालोद जिले के प्रवास पर आएंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कमी पाए जाने पर वह बिल्कुल भी क्षम्य नहीं होगा। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी ने भी विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में महतारी वंदन योजना के अलावा पोषण ट्रेकर एप्प में ऑनलाईन एंट्री तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए चल रही भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

## विधायक गजेन्द्र ने कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण

# स्टेडियम का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पंडित रविशंकर स्टेडियम में बनने वाले स्टेडियम के लिए अब जमीनी स्तर पर कार्य किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। बीसीसीआई को जमीन हस्तांतरण को लेकर विधायक और कलेक्टर ने मौके का मुआयना भी किया हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही बीसीसीआई को मैदान हैंडओव्हर कर दिया जाएगा।

- अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम तैयार करने की कवायद शुरु

बीसीसीआई से मिले निर्देश के बाद सोमवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित कई विभाग के अधिकारियो ने क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना कर जमीन हस्तान्तरण करने कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि, विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से जिला प्रशासन को इस बारे में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किये थे। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई की ओर प्रगति करेगा। यहां का व्यापार बढ़ने के साथ ही स्थानीय नागरिकों को रोजगार भी मिलेगा।



### एसपी बंगला तक प्रभावित होंगे

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया। ताकी बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। स्टेडियम को विकसित करने कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे दुर्ग सहित आस पास के जिले के खिलाड़ियों को खेल का अच्छा वातावरण मिलेगा।

### प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा

स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बीसीसीआई के एक्सपर्ट टीम तैयार करेगी। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसे और बढ़ाया जाएगा। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे रहेगा। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरिक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित राजस्व निरीक्षक और पटवारी ने पूरे एरिया का नजरी नक्शा प्रस्तुत कर जमीन का ब्यौरा दिए। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बाद ये प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बन जाएगा।

# होम्योपैथी दिवसः लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। इसे लेकर दुर्ग जिले के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने एक समारोह का आयोजन किया। जिसमें होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉक्टर पीपी सिंह ने कहा कि सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए राज्य सरकार से निवेदन किया जाएगा, क्योंकि हर राज्य में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज सफलतापूर्वक चल रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से छत्तीसगढ़ में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज का प्रावधान नहीं रखा गया है। इस अवसर पर डॉ ममता राय, डॉक्टर शिंन्द्रे, डॉक्टर वीपी सिंह, डॉ एमएम तिवारी, डॉ एमपी सिंह सहित अन्य होम्योपैथिक चिकित्सक मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### ग्राम परसदा में हुआ सुंदरकांड पाठ

**बालोद।** राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ बालोद जिला इकाई द्वारा मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में भारतीय नवसंवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुडी–पड़वा विक्रम संवत वर्ष 2082 सनातन नववर्ष में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम परसदा स्थित माँ शीतला मंदिर प्रांगण में सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। हिन्दू जागरण, विश्व शांति, युग परिवर्तन, महाविनाश से बचाव, सबके लिए सद्बुद्धि, सबके लिए उज्ज्वल और सुखी भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ मंच के दुर्ग जिला प्रभारी दुष्यंत कुमार साहू व बालोद जिला प्रभारी राकेश देवांगन के नेतृत्व में श्रीरामायण सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें ग्राम के पंचों सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। वक्ताओं ने राजीव भाई की जीवनी से अवगत कराते हुए बताया कि राष्ट्र को जगाने के अभियान पर निकले स्वदेशी के प्रखर व मुखर वक्ता, एक समाजसेवी, चिकित्सक और वैज्ञानिक भाई राजीव दीक्षित जी का प्रवास ग्राम परसदा में भी हुआ था और उनके सानिध्य का लाभ भी ग्रामवासियों को प्राप्त हुआ था। साथ ही स्वदेशी अवधारणा पर आधारित जीवन व्यवस्था को अपनाकर भारतवर्ष को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाकर आर्थिक रूप से मजबूती देने में समवेत प्रयास के लिए अपील करते हुए पाम्पलेट का वितरण भी किया गया।

### गौतम नगर में बेदखली का ढोंग कर रहे कांग्रेस के नेता : अरोरा

**भिलाई।** गौतम नगर वार्ड 42 में सीवरेज लाइन मेंटेनेंस और निर्माण के नाम पर अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर राजनीतिक तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने एक दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर दिया है। इस बीच निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र सिंह अरोरा जो पूर्व में कांग्रेस में थे, वर्तमान में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेदखली का यह फैसला कांग्रेस की शहर सरकार का है। इसमें बाधित अवैध कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही का निर्णय भी उन्ही का है। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने खुर्सीपार की जनता के झूठे हमदर्द बनने का दिखावा करने का प्रयास किया है। जबकि महापौर नीरज पाल और उनकी परिषद ने ऐसे फैसले लिए हैं। 8 सितंबर 2020 को 14 वें वित आयोग की ओर से 10 करोड़ रुपये की राशि जोन में सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट के लिए स्वीकृति की गई थी। तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। शहर सरकार ने उस राशि को जोन 01, 02, और 03 में अन्य विकास कार्यों के लिए बांट दिया।

## निधन

### थुकेल राम साहू



**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) निवासी थुकेल राम साहू 70 वर्ष का 15 अप्रैल को निधन हो गया। वे भूपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार साहू पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम परसदा के मुक्तिधाम में किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202502241600002 अ/21 (1) वर्ष 2024-2025
क्रमांक/ 1048/ वाचक / तह. / 2025
गुण्डरदेही, दिनांक 27/03/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन ठाकुर आ. दिनेश कुमार एवं अन्य 07 सभी जाति हल्बा निवासी ग्राम कोटगांव तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद द्वारा अपने संयुक्त भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम गुण्डरदेही प.ह.न. 34 तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद स्थित भूमि खसरा नंबर 315/2 रकबा 0.40 हे. भूमि को अपने जीर्ण-शीर्ण मकान को नया बनाने तथा आवेदिकागण पूजा एवं निशा के विवाह हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण प्रस्तावित क्रेता टोमन लाल साहू पिता स्व. पंचूराम निवासी ग्राम सनौद तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र के साथ बी-1 इकरारनामा, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न कर श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो निम्न बिन्दुओ पर जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि मौजा गुण्डरदेही प.ह.न. 34 स्थित भूमि खसरा नंबर 315/2 रकबा 0.40 हे. भूमि को गैर आदिवासी टोमन लाल साहू आ. स्व. पंचूराम निवासी सनौद तहसील अर्जुन्दा के पास विक्रय की अनुमति के संबंध में जिस किसी भी संस्था हितबद्ध व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो पेशी दिनांक 17.04.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समय पश्चात आए आपत्ति /दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2025 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

जारी दिनांक 27.03.2025
पेशी दिनांक 17.04.2025
मुहर
तहसीलदार
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

---

**आयोजन : ग्राम कोकड़ी में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में पूर्व मंत्री ने किया आग्रह**

# समाज के नियमों का पालन करते हुए लोगों को एक नई दिशा देने में अपना योगदान दें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

साहू समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर समाज की दशा सुधारने और नई दिशा देने की सोच के साथ परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरई और ग्रामीण साहू समाज कोकड़ी के सहयोग से ग्राम कोकड़ी में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई। कर्मा जयंती में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि साहू समाज बड़ा समाज है। इसका प्रयोग दर्पण की भांति हो, जिसमें दूसरा समाज अपना प्रतिबिंब देखे इसके लिए आवश्यक है जो भी पदाधिकारी समाज का नेतृत्व कर रहे हैं वे समाज में बने नियमों का पालन करते हुए अनुशासन में रहकर कार्य करते हुए साहू समाज को एक नई दिशा देने में अपना योगदान दें।

जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए तहसील अध्यक्ष पुसऊ राम साहू, एवं विशेष अतिथि महासचिव उमाशंकर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष उतई सरस्वती साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू व अन्य अतिथियों ने भी समाज सुधार को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आयोजन में परिक्षेत्र साहू संघ पुरई के अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी हिरवानी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल साहू, सचिव द्रौपदी साहू, छबिलाल साहू, अशोक साहू, किशोर साहू, ईश्वर साहू, वामन साहू सहित समाज के लोगों का योगदान रहा।





### कुरीतियों को दूर करने सोच में बदलाव आवश्यक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि कुछ कुरीति जैसे मृत्युभोज, विवाह में साड़ी का जिसका पहनावे से कोई लेना देना नहीं होता जो एक हाथ से दूसरे हाथों में बंटता रहता है। हम सभी को इस प्रकार हो रहे व्यर्थ खर्चों को रोकने के लिए सोच में बदलाव लाना होगा। समाज की महिलाओं को अपनी नारी शक्ति को हर पल जगाकर रखने की आवश्यकता है, जो समाज के बेहतर स्वरूप को ढालने और साकार करने में सक्षम है।

## ग्राम फुंडा में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम फुंडा में परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में परिक्षेत्र कलंगपुर के ग्राम फुंडा, बोरगहन, पेंड्री, बरबसपुर, कुमली से आए स्वजातीय महिलाओं द्वारा भव्य रूप से भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली गई, जो ग्राम बोरगहन के भरारीपाठ माता मंदिर से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। उसके बाद भक्त माता कर्मा की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम में




सभी ग्रामीण अध्यक्षों और पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच प्रतिमा देशलहरे, परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, बल्दू साहू, भीखा राम साहू, कुशल साहू, तहसील साहू संघ के पदाधिकारी राजेंद्र साहू, किशन साहू, टीकम साहू, बुधारू साहू, सहित परिक्षेत्र समस्त ग्रामीण अध्यक्ष और ग्राम फुंडा के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोपी राम साहू तथा आभार प्रदर्शन हिमेंद्र साहू ने किया।

## जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सांसद भोजराज




**कुसुमकसा।** परिक्षेत्र साहू समाज कुसुमकसा के तत्वावधान में मां कर्मा महोत्सव एवं साहू समाज सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रैल को साहू सदन कुसुमकसा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग थे, अध्यक्षता सोमेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंडी ने की। विशिष्ट अतिथी पवन साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद तोरन लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा,जीतेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद निलीमा श्याम जिला पंचायत सदस्य सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

- कुसुमकसा में आयोजित मां कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए कांकेर सांसद

कार्यक्रम का शुभारंभ साहू सदन में मां कर्मा का पूजा अर्चना कर भव्य शोभा कलश यात्रा निकाला गया जो नगर के आदर्शचौक, आजाद चौक, बस स्टैंड चौक, गैरेज पारा, क्रांति चौक, शांति नगर, दीप चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल में समाप्त हुआ। उसके बाद भक्त मां कर्मा व कृष्ण भगवान की महा आरती की गई। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व पुष्प माला पहनाकर किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने साहू समाज में हो रहे धर्म परिवर्तन का जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि जो समाज में जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवायेगा, उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अपने भाषण में तेली जाति को अलग-अलग समुदाय में बांटना गलत बताया। पवन साहू पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार प्रदेश साहू संघ ने अपने भाषण में सामाजिक बुराई को हटाकर नई पीढ़ी को समाज से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जितेन्द्र साहू उपाध्यक्ष साहू संघ जिला बालोद ने समाज में नशा से मुक्त समाज और शादी में अतिरिक्त खर्चा से बचने के लिए समाज को प्रेरित किया।

### अंतरजातीय विवाह करने वालों को पैतृक संपत्ति से वंचित करें

परिक्षेत्र साहू समाज कुसुमकसा के अध्यक्ष टिकेन्द्र कुमार साहू ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि समाज के बेटे या बेटी अंतरजातीय विवाह करते हैं, तो उन्हें अपनी पैतृक संपत्ति से वंचित रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को नई दिशा देने के लिए नवयुवकों को जगह मिलनी चाहिए। उक्त कार्यक्रम में सामाजिक बच्चों ने आकर्षक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालनअध्यक्ष टिकेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम में गौरी शंकर साहू उपाध्यक्ष, सत्यवती साहू उपाध्यक्ष, तुकाराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गण देवशरण साहू गौतम साहू केशव साहू कुशल साहू संजीवन साहू तेजराम साहू सेतराम साहू, लोकनाथ साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बच्चों को समय पर नाश्ता व भोजन दें, कुपोषण की रोकथाम के लिए करें समुचित उपाय : लक्ष्मी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भरदा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02, बालोद विकासखण्ड के ग्राम करकाभाट एवं जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 20 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुँचकर आंगनबाड़ी के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। इस दौरान वहां मिली खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हे तत्काल ठीक करने निर्देशित किया।

- महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान

उन्होंने वहाँ बच्चों की उपस्थिति, उनको मिलने वाले भोजन, पेयजल आदि की जानकारी ली। इस दौरान मंत्री राजवाड़े ने आत्मीय बातचीत कर उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के अलावा उनके मनोरंजन तथा पढ़ाई–लिखाई आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मंत्री राजवाड़े ने बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट भी प्रदान किया। मंत्री राजवाड़े के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस दौरान राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केन्द्र में उपलब्ध भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण भी किया।

राजवाड़े ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को समय पर भोजन, नाश्ता आदि प्रदान करने तथा कुपोषण की रोकथाम हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शुद्ध पेयजल का प्रबंध करें

इस मौके पर राजवाड़े ने बालोद विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र करकाभाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को आंगनबाड़ी केन्द्र में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल का प्रबंध भी करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला मुख्यालय बालोद के पाररास स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर बच्चों की कुल उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहाँ आंगनबाड़ी केन्द्र के बेहतर संचालन हेतु अधिकारी–कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी, संचालक जनमेजय महोबे सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## मंत्री राजवाड़े से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद ने की मुलाकात



**गुण्डरदेही।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मंगलवार को जिला मुख्यालय बालोद के औचक निरीक्षण में पहुंची थीं। जहां बालोद के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

उसके बाद रायपुर लौटते समय गुण्डरदेही में नगर पंचायत अध्यक्ष के आग्रह पर महिला एवं बाल विकास कार्यालय में रुकीं। वहां नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे एवं महिला बाल विकास पर्यवेक्षक ने उनका स्वागत किया। साथ ही प्रमोद जैन ने मंत्री से महतारी वंदन योजना को फिर से शुरू करने तथा निकाय के 08 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि की मांग की।

**ठेठवार यादव समाज बालोद राज का हुआ सामाजिक वार्षिक अधिवेशन**

## समाज की प्रतिभाओं व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज बालोद राज के सामाजिक वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सभापति आत्माराम यादव के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की गई तथा ध्वजारोहण किया गया। वार्षिक अधिवेशन के प्रारंभ में अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में सभा को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष चेतन यादव ने वर्ष भर का आय व्यय प्रस्तुत किया। महासचिव पवन यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय के चुनाव में विजय प्राप्त सामाजिक सदस्यों का सम्मान किया गया। मतदान अधिकारियों के समक्ष अध्यक्ष, महासचिव तथा कोषाध्यक्ष, तीन प्रमुख पदों के लिए प्रस्तावक, समर्थक के नाम सहित नामांकन फॉर्म में निर्धारित शुल्क के साथ उम्मीदवारों ने जमा किया।

अध्यक्ष पद हेतु पवन यादव एवं ताम्रध्वज यादव उम्मीदवार थे। महासचिव हेतु एलेंद्र यादव तथा रंजीत यादव उम्मीदवार रहे। कोषाध्यक्ष हेतु कृष्ण कुमार यादव तथा हेमंत यादव उम्मीदवार रहे। बालोद राज के लगभग 900 परिवारों के प्रतिनिधि के रूप में






मंडल अध्यक्षों एवं ग्राम प्रमुखों के द्वारा कतारबद्ध होकर अनुशासित एवं शांतिपूर्वक मतदान किया गया।



चुनाव अधिकारियों ने उम्मीदवारों के एजेंट ललित यादव टेकापार एवं केके यादव दुपचेरा के समक्ष मतगणना की। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु ताम्रध्वज यादव दुपचेरा, महासचिव हेतु एलेंद्र यादव नेवारीकला, कोषाध्यक्ष हेतु हेमंत यादव पड़कीभाट विजयी रहे।

संध्या के समय वार्षिक अधिवेशन के सभापति दाऊ आत्माराम यादव के द्वारा समाज गौरव के प्रतीक सामाजिक ध्वज को आदर पूर्वक उतारकर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताम्रध्वज के हाथों में सौंपा गया। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। चुनाव अधिकारी हिम्मत यादव लाटाबोड़, नंदकिशोर यादव टेकापार, चम्पेश्वर यादव बालोद, चेतन यादव बालोद, योगेश्वर यादव नेवारीकला, बलदेव यादव डौण्डी लोहारा रहे।

### सामाजिक उत्थान के लिए सदैव एक रहेंगे

इस अवसर पर जिला संगठन बालोद के संरक्षक छगनलाल यादव ने कहा कि सामाजिक रीति रिवाज की युवा पीढ़ी को जानकारी देने तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण मिलजुल कर करते रहेंगे। बालोद राज के संरक्षक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि हम सबके विचार भिन्न और अनेक हो सकते हैं, लेकिन सामाजिक उत्थान के लिए हम सदैव एक रहेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव सकरौद ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में संगठन के समस्त पदाधिकारियों को मिले सहयोग एवं सम्मान के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन पवन यादव टेकापार एवं नंदकिशोर यादव ने किया। अधिवेशन में प्रमुख रूप से पवन यादव पड़कीभाट, कृष्ण कुमार यादव, बंधु यादव, छंगू यादव, राजेश यादव, जीवन यादव, रामस्वरूप, अरुण यादव, सिद्धेश्वर, बालमुकुंद, कुलेश्वर यादव, नुपेन्द्र, रामेश्वर, जनक यादव, रोमन यादव, कन्हैया, भरत यादव, शिवभजन यादव, रविप्रकाश यादव, रंजीत यादव उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव एवं कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी।



## खबर संक्षेप



### ग्राम बीरेझर में मना पोषण पखवाड़ा

**अंडा।** सेक्टर अंजोरा ख के ग्राम बीरेझर में पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें बीरेझर की कार्यकर्ताएं ओमकेश्वरी देशमुख, शशी चौहान, असम निषाद, सहायिका रमशिला, सरपंच इंद्रजीत साहू, पंच गायत्री देवांगन, मितानिन, गर्भवती महिला, शिशुवती माता तथा कुपोषित बच्चों के पालक भी शामिल हुए। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य 0-6 वर्ष के बच्चों को सही पोषण दिलवाना है। इसके अंतर्गत पोषण सम्बन्धी जानकारी दी गई व अपने बच्चों को कुपोषित होने से कैसे बचाया जाए। बच्चों की सही देखभाल कैसे करें, जिससे हमारा गांव कुपोषण मुक्त हो जैसी बातों को लेकर चर्चा की गई।

### ग्राम माहुद में हुआ भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन



**बालोद/सिकोसा।** भाजपा मंडल सिकोसा द्वारा ग्राम माहुद में सेवा पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष भाजपा चेमन देसमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, विधानसभा प्रभारी टिनेश्वर बघेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतीश मोंटी यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, मंडल अध्यक्ष सिकोसा प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदीप ठाकुर, पारख साहू एवं साथियो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन युगल ताम्रकार सांकरी द्वारा किया गया।

### ट्रांसपोर्टनगर में हटाएं कब्जे

**भिलाई ।** औद्योगिक क्षेत्र से लगे हथखोज ट्रांसपोर्टनगर में बढ़ते अवैध कब्जों की कीमत ट्रासपोर्टरों और आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। जगह जगह कब्जों से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है और निगम के टैक्स का चूना भी लग रहा है। इस मामले में ट्रांसपोर्टर जल्द ही कलेक्टर और कमिश्नर से मिलकर कब्जे हटाने की मांग करेंगे। ट्रांसपोर्टनगर हथखोज के विकास का काम चल रहा है। फेस वन और फेस टू में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। ट्रकों और हाइवा आदि गाड़ियों के आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं।

### कार की ठोकर से महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। कार चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गुप्ता पारा निवासी दिलीप अग्रवाल किसान है। 13 अप्रैल को पत्नी सारीका गुप्ता के साथ आंगनबाड़ी का विभागीय काम के लिए अपनी एक्टिवा सीजी 07 सीजी 3746 से दुर्ग गए थे। वापस पत्नी सारीका गुप्ता, बेटा वंश अग्रवाल के साथ धमधा आ रहा था। शिवनाथ नदी पुल को पार करते समय एक सफेद रंग जैसी कार का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत

### जयंती : डॉ आंबेडकर जयंती पर समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

# महार समाज ने शिक्षा व एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





महार समाज द्वारा नगर में डॉ आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने समाज में शिक्षा, एकता एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। समाज के सदस्यों को बहकावे में न आकर सच्चाई की जानकारी निर्णय लेने की सलाह दी गई। समाज ने समारोह के पूर्व कलश यात्रा निकाली। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा थे, अध्यक्षता सियाराम लवत्रे ने किया।

पूर्व मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, समाज प्रमुख सूरज लावत्रे, पार्शद अनुसुईया धुरव, मधु जगदल्ले, नारायण टेके के साथ यशवंत नागवंशी, सूरज लावत्रे अतिथि के रूप में मंचासीन थे। नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने सबको साथ लेकर भारत को आगे ले जाने का कार्य किया। उनके बनाए संविधान से हम देश को पुनः विश्व गुरू, सोने की चिड़िया बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। साथ ही कहा कि डॉ आंबेडकर ने सबका ध्यान रखकर संविधान बनाया, लेकिन लंबे समय तक शासन करने वाले लोगों ने कुछ लोगों के हित में संविधान से छेड़छाड़ की, जिसे मोदी जी ठीक कर रहे हैं। पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि हमें जाति की भावना से दूर होकर भारतीय होकर कार्य करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सियाराम लावत्रे ने कहा कि पहले हम एक भारतीय हैं। कुछ लोगों ने कुछ समय से हमें जाति में बांटकर हमारी एकता को खण्डित करने का प्रयास किया है। आज समाज में एकता के साथ संगठित होकर कार्य की जरूरत है। समाज में शिक्षा के महत्व को समझना होगा एवं शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश लावत्रे, उपाध्यक्ष रेवाराम शहरे, कोशाध्यक्ष महेश्वर शहरे, सचिव मनोज भंसारे, भीम सेना युवा संगठन अध्यक्ष रविकांत शहरे, उपाध्यक्ष ईशप्रकाश सिप्पी, सचिव तुषार चौधरी, कोषाध्यक्ष गौकरण सिंह बागमारे, संरक्षक कुलदीप लावत्रे, डोमेन्द्र सिंह बागमारे, संदीप सोनवानी, निर्भय, मयंक, रविन्द्र सहित अनेक लोग उपस्थित थे। मंच संचालन पूर्व पार्षद पुन्नालाल सहरे तथा आभार प्रदर्शन सांतनू सोनवानी ने किया।

## भाजपा मंडल अर्जुंदा के कार्यकर्ताओं ने गांवों में मनाई डॉ आंबेडकर जयंती



**गुण्डरदेही।** प्रदेश नेतृत्व के आव्हान एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अर्जुन्दा के कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई।

जयंती के पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं ने डॉ आंबेडकर जी की मूर्ति की साफ सफाई की, इसके बाद रविवार को सभी कार्यकर्ता ने प्रातः डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के आगे दीपोत्सव का आयोजन कर पूजा अर्चना की। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉ. आंबेडकर ने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन हमें एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, जिला संयोजक चंद्रहास देवांगन, ओसाभ यादव, गुमान यादव, गिरधर निषाद, कीर्ति ऊके, लेख नारायण तिवारी, उमेश देवांगन, विनोद सिन्हा, ज्ञान सिंह ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरुर में मनाई गई डॉ. आम्बेडकर की जयंती

**गुरूर।** डॉ भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती न्यू बस स्टैंड गुरुर में दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं आतिशबाजी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रकोष्ठ सर्व आदिवासी समाज की ओर से किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता वीरेंद्र गंगराले द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। बालिका नीलाक्षी चेलक 12 वर्ष ने स्व रचित कविता वाचन किया। 8 वर्ष की भव्या ध्रुव ने बाबा साहब पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही सहायक शाखा प्रबंधक एसबीआई रायगढ़ उमाकांत ध्रुव ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा बालोद कृष्ण कुमार ठाकुर, जगदीश तारम, आईएल ठाकुर, शैलेन्द्र चेलक, वीर बहादुर सिंह गिलहरे, प्रधान पाठक मोहित चुरेंद्र, शिक्षक टिकेश्वरी चुरेंद्र, बीडी गंगवंशी, टोमन नागवंशी, वरुण साहू सहित सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र पौषार्य ने किया।



### ग्राम मोहारा में डॉ. आम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**गुरूर।** शक्ति केंद्र मोहारा के अंतर्गत ग्राम मोहारा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने डॉ आंबेडकर के संघर्षशील जीवन और उनके सामाजिक न्याय समानता एवं एकता के लिए दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर ने महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जो कार्य किए हैं, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक बोधराय हिरवानी, सेवा सरकारी समिति अध्यक्ष केशव राम धनकर, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, परमेश्वर साहू, राम कैलाश साहू, बसंत निर्मलकर, पुनारद राम साहू, कुमार साहू, यंत कुमार साहू, लक्षण साहू, दिलीप निर्मलकर, तारा साहू, रेवत साहू एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**डौंडीलोहारा।** भाजपा प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर 14 अप्रैल को डौंडीलोहारा भाजपा मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब आंम्बेडकर की जयन्ती मनाई। इस अवसर पर पुराना नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर भाजपाइयों व आम नागरिकों ने माल्यार्पण किया। उसके बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल व जिला पंचायत के पूर्व सदस्य होरीलाल रावटे ने संम्बोधित किया। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, नगर पंचायत अध्यक्ष निवेन्द्र टेकाम, महामंत्री संदीप लोढा, मंडल सह संयोजक धर्मेंद्र निषाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता, धीरेन्द्र टांक, अभय साहू, हिरेन्द्र गायकवाड, दुष्यंत गिरी, धीरज लोढा, प्रकाश जैन, महावीर तातेड, रेमन अटल, राजू भंसाली, सुरेश देवांगन, महेंद्र जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।



### शासकीय कन्या हाईस्कूल घोटिया में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती



**बालोद।** शासकीय कन्या हाईस्कूल घोटिया (डौण्डी) में संविधान निर्माण डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित एचके बंजारे ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर हम सबके आदर्श हैं। उनके आदर्शों पर चलकर पूरा देश काम कर रहा है। यूएल डोंगरे ने कहा कि संविधान निर्माण में उनके योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता। भीना नेताम ने कहा कि संविधान के कारण महिलाओं को सम्मानजनक स्थान मिला है। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक टिकेश्वर साहू, नंदू बघेल, मितेन्द्र वैष्णव, मोनिका बंजोर, युधिष्ठिर साहू, अश्वनी साहू, शम्भूराम ठाकुर, कुलवंत वैष्णव, धनेन्द्र, भोज कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## संसार का कोई भी कार्य बिना गुरु के नहीं सीखा जा सकता : पुरुषोत्तम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम मटिया (पी) में मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संगीत मय राम कथामृत एवं गव्य पुराण कथा की शुरुआत

- ग्राम मटिया (पी) में दिवसीय संगीतमय राम कथामृत एवं गव्य पुराण कथा शुरू



कलश यात्रा और वेदी पूजन के साथ हुआ। कलश स्थापना के बाद परीक्षित गणों द्वारा मानस मणि पुरुषोत्तम सिंह राजपूत कथा व्यास वरन के बाद गुरु वन्दना, राम चरित मानस के चार घाट, सती मोह की कथा के साथ गौ माता की महिमा पर आधारित गव्य पुराण कथा के साथ प्रारंभ हुआ।

कथा व्यास पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने माधुर्य शैली के साथ संगीत के मधुरम प्रस्तुति के साथ गुरु तत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि गुरु व्यक्ति नहीं सत्ता है, संसार का कोई भी कार्य बिना गुरु के नहीं सीखा जा सकता, चाहे वह लौकिक हो या अलौकिक और ईश्वर प्राप्ति के लिए तो गुरु की परम आवश्यकता है। गुरु धन, दौलत, मान प्रतिष्ठा नहीं बल्कि शिष्य को अपने स्वरूप का बोध करा कर जन्म मृत्यु से छुटकारा देते हैं। गुरु अंधकार से प्रकाश की यात्रा करते हैं। मानस की चार घाट की चर्चा में कथा व्यास ने कहा कि कैलाश के शिखर में शिव पार्वती माता का संवाद ज्ञान घाट, प्रयाग जी में याज्ञवल्क भारद्वाज संवाद वैराग्य घाट, नीलमणि पर्वत पर कागभुसुंडि, गरूड़ जी का संवाद भक्ति घाट और युगप्रवर्तक गोस्वामी तुलसी दास जी और जनमानस में दैन्य घाट के रूप में मानव जीवन की आचार संहिता, सनातन धर्म का गहराई से प्रस्तुति हुई है।

### सियादेही व भोला पठार पर की चर्चा

सती मोह की कथा के साथ कथा में आचार्य ने साढ़े सत्रह लाख वर्ष पूर्व भगवान राम के हयाती काल में घटित भगवान शिव और सती माता के कुम्भज आश्रम सिहावा छत्तीसगढ़ के पर्वत पर आना और कथा श्रवण कर वापस होते समय भगवान राम के सीताहरण प्रसंग में भगवान श्री राम के सिया वियोग में विलाप की लीला करते देख भगवान शिव द्वारा प्रणाम करना और सती को मोह होना। उसके बाद शिव जी के आदेश पर परीक्षा लेने, सिया देह धारण करना और भोलेनाथ के भोला पठार पर बैठना। सिया देह धारण करने सियादेही नाम पड़ने का जिक्र के साथ इस प्रसंग का बालोद जिला में होना बताते हुए कहा कि हमारे जिले का इतिहास रामायणकालीन है। गव्य पुराण की उत्पति की कथा कहते गए कि महिमा का वर्णन करते कहा कि गाय बचेगी तो ही सृष्टि बचेगी, धर्म बचेगा। इसके लिए सभी सनातन धर्मियों को सम्यक प्रयास करना चाहिए।

कथा के आयोजन में परीक्षित त्रय भुवन, बितान साहू, शत्रुघ्न देवांगन, पेमिन देवांगन और लोकेंद्र ओमेश्वरी के साथ ही मणिकांत बघेल, कृपा राम रजक, चेतन बघेल, द्रोणाचार्य साहू, भुवन साहू, अमित साहू, संतोष सिन्हा, धनराज साहू, नारद सेन सहित मारुति नन्दन हनुमान सेवा समिति की सक्रिय भागीदारी है। संगीत में गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार संस्कार परिसर बालोद के कीर्तन सिन्हा, मनीष दास, टेमिन, हासमिता, नन्द किशोर, विकेश, डेमन, ऋषि प्रसाद की प्रदान सहभागिता है।

## मानसगान प्रतियोगिता में श्री कला निकेतन मानस मंडली कुरुद प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम मुजालगोदी में ग्रामीणों ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का

- ग्राम मुजालगोदी में हनुमान जन्मोत्सव पर किया गया था आयोजन



आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 20 ख्याति प्राप्त मंडलियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री कला निकेतन मानस मंडली कुरुद (भिलाई) ने प्राप्त किया, द्वितीय अराधना बालिका मानस परिवार कुदरुपारा बालोद एवं तृतीय स्थान सरगम महिला मानस मंडली भैसमुडी(मगरलोड) ने प्राप्त किया। अतिथियों ने सभी विजेताओ को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच कोचवाही भुनेश्वरी यादव ने कहा कि मानस मंच में अच्छे विचारों को ग्रहण करना चाहिए। हनुमान जी हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करता है। जब भी विपत्ति आती है तो हनुमान जी का सुमिरन करके सफर तय करना चाहिए। अध्यक्षता कर रही सरपंच पोंड हेमलता साहू ने कहा कि मानस मंच मे सत्संग की प्राप्ति होती हैं। राम का नाम लेने से सुख समृद्धि मिलती है।

गोस्वामी जी के बताए मार्ग को जीवन मे उतारने का प्रयास करना चाहिए। उपसरपंच निरंजन ठाकुर ने कहा कि जब भी गांव में हनुमान जन्मोत्सव पर मानस प्रतियोगिता होगी, तो हमेशा सहयोग करते रहेंगे। पूर्व सरपंच हेमलता यादव, रोहित यादव अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का पीला फेटा, श्री फल देकर सम्मानित किया। समापण के बाद आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीण महिलाओं ने गीत-नृत्य का आनंद लिया। संचालन रामकुमार साहू पोंड व दुलार साहू ने किया। इस दौरान सोमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच नरसिंह चोरमार, रविन्द्र कुलदीप, सत्यनारायण यादव, राधेलाल साहू, हेमसिंह बर्मन, ग्राम पटेल जवाहर मंडावी सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### लखन लाल को मिला समाज रत्न ताराचंद साहू स्मृति सम्मान

**भिलाई।** जिला साहू संघ दुर्ग द्वारा मानस भवन दुर्ग में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव, समाज रत्न स्मृति सम्मान एवं नव निर्वाचित जन प्रतिनिधि समाज गौरव सम्मान समारोह में लखन लाल साहू को उनके सुदीर्घ कालीन उत्कृष्ट समाज सेवा हेतु पूर्व सांसद समाज रत्न स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के हाथों उन्होंने सम्मान ग्रहण किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मुंदेरा पहुंच मार्ग जर्जर, ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की



**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही का ग्राम मुन्देरा, जो कि धमतरी गुण्डरदेही मुख्य मार्ग से महज ढेड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां मुख्य मार्ग पर स्थित प्रवेश द्वार से गांव तक पहुंचने वाले मार्ग की हालत बहुत ही जर्जर स्थिति में है।

इस मार्ग की डामर की परत उखड़ कर गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे स्कूल व कालेज जाने वाले बच्चों सहित ग्रामीण जनों को आवागमन में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परेशानियों को देखते हुए यहां के सरपंच प्रीति ग्वालियर एवं पंचों ने सुशासन तिहार में लगे शिविर में उपस्थित अधिकारियों को सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन सौंपा। इसके साथ ही सड़क की अतिशीघ्र मरम्मत की मांग की। इस अवसर पर सरपंच प्रीति ग्वालियर, मीनू यादव, पदमनी साहू, भुवनेश्वर साहू, केवरा बाई साहू, कौशिल्या ठाकुर, जीतेश्वरी ठाकुर, सेवती धनकर, रुखमनी साहू, गौतम धनकर, केवल साहू, कुंती साहू, अंजू सेन, ललिता यादव, सहित सभी पंचगण व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
29 मई 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411